स्मार्ट खाद्य अनाज भंडारण प्रणाली (सुरक्षा) तकनीक

[स्रोत: इकोनॉमिक टाइम्स]

हाल ही में **इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY)** ने स्मार्ट खाद्य अनाज भंडारण प्रणाली (SAFEETY) तकनीक को**मेसर्स पारस डिफेंस एंड स्पेस टेक्नोलॉजी लिमिटेड** को सफलतापूर्वक स्थानांतरित कर दिया है। यह देश में नवाचार को बढ़ावा देने और प्रौद्योगिकी को आगे बढ़ाने की दिशा में एक कदम है।

- **SAFEETY, जिसे MeitY के मार्गदर्शन में सोसाइटी फॉर एप्लाइड माइक्रोवेव इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग एंड रिसर्च (SAMEER) द्वारा विकसित किया गया है, में रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन (RFID) ट्रैसेबिलिटी, ऑनलाइन वज़न और नमी माप, रेडियो फ्रीक्वेंसी आधारित अनाज से नमी को हटाने के साथ अनाज बैग की लोडिंग तथा अनलोडिंग की सुविधा है।**
    - यह उन्नत प्रणाली लगभग एक ट्रक (लगभग 28 टन) अनाज को केवल 40 मिनट में संभाल सकती है।
- सुरक्षा का प्रौद्योगिकी हस्तांतरण [विकसित भारत@2047] के नवाचार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विषय की दिशा में एक कदम है, जिसका उद्देश्य भारत को **डिजिटल परिवर्तन तथा नवाचार** में वैश्विक नेतृत्व करना है।
- यह तकनीक **फसल कटाई के बाद** होने वाले नुकसान को कम करने, **खाद्य गुणवत्ता** और सुरक्षा में सुधार करने तथा देश में खाद्य सुरक्षा बढ़ाने में मदद करेगी।

और पढ़ें: [डिजिटल कृषि]

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/smart-food-grain-storage-system-safeety-technology